हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 31 अगस्त 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 अब शनिवार को भी पहले की तरह संचालित हो रहे स्कूल









## फार्मासिस्ट नदारद, मैनपाट के कमलेश्वरपुर का मामला

# पीएचसी में मरीजों की जान से खिलवाड़, प्यून बांट रहे दवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- अस्पताल के कर्मचारी अक्सर रहते हैं नदारद

शासन प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद भी जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में निचले स्तर पर बैठे जिम्मेदार कर्मचारी व्यवस्थाओं को बिगाड़ने के साथ ही अब मरीजों की जान से खिलवाड़ भी करने लग गए है। मरीजों की जान से खेलने का एक ऐसा ही मामला शनिवार को सामने आया है जिसमें पीएचसी में पदस्थ एक प्यून मरीजों को दवाओं का वितरण कर रहा है जबकि अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट नदारत है। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है। अब इस मामले में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए है।

दरअसल मैनपाट विकासखंड के अंतर्गत कमलेश्वरपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जन आरोग्य मन्दिर संचालित है। इस पीएचसी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आस पास के आदिवासी मरीज आते है और अपना उपचार कराते है। इसके साथ ही पर्यटन केंद्र होने के कारण भी यह पीएचसी संवेदनशील है क्यों कि यहां आए दिन सड़क दुर्घटना के मरीज उपचार के लिए आते है। अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए निःशुल्क दवा वितरण की व्यवस्था भी की गई है। दवा वितरण का काम नियमानुसार अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट के द्वारा ही किया जाता है लेकिन पीएचसी में अधिकारी कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। शनिवार को अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट राम सेवक अनुपस्थित था। फार्मासिस्ट के मौजूद नहीं रहने पर अस्पताल में पदस्थ प्यून मरीजों को दवाओं का वितरण बेधड़क कर रहा था। इस बात की जानकारी मिलने पर जब स्थानीय लोगों ने प्यून से सवाल किए तो वह उल्टा लोगों को ही जवाब देने लगा। इस दौरान लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया जिसके बाद अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाए जा रहे है।


दवा की डोज बॉटल पर लिखता अस्पताल का प्यून।

### आए दिन नदारद रहते है फार्मासिस्ट

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट आए दिन नदारत रहते है। यह कोई पहला मामला नहीं है जब अस्पताल में फार्मासिस्ट के बदले प्यून दवा का वितरण कर रहा हो। शिकायत है कि फार्मासिस्ट ड्यटी के समय भी अपने निजी दवा दुकान में व्यस्त रहते है जबकि अस्पताल की जिम्मेदारी कभी प्यून तो कभी सफाई कर्मी संभालते है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह की लापरवाही से वे मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे है। यदि किसी दिन किसी व्यक्ति को गलत दवा दे दी गई और उसकी जान पर बन आई तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

### दिए गए हैं जांच के निर्देश

मैं लगातार पीएचसी, सीएचसी का निरीक्षण कर रहा हूं। पूर्व में भी पीएचसी मैनपाट का निरीक्षण किया गया था। कमियों को दूर किया गया। इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले की जांच के निर्देश सीएमएचओ को दिए गए है। फार्मासिस्ट के साथ ही प्यून के खिलाफ जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. अनिल सिंह
संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं



# पांच फीट धंसी सड़क वाहनों की लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

स्टेट हाइवे बनारस रोड पेट्रोल पंप के समीप शाम को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब अचानक बीच सड़क पर 5 फीट गड्ढा हो गई। गनीमत था की गड्ढे पर आसपास के लोगों की नजर पड़ गई और तत्काल सुरक्षा के घेराव कर दिया। इस बीच सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि भटगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच सुरक्षित तरीके से वाहनों की आवाजाही शुरू कराई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पिछले दिनों लगातार हुई मूसलाधार बारिश होने तथा सड़क किनारे नाली निकासी नहीं होने के कारण सड़क पर ही पानी जमा होने लगी। इसी बीच मार्ग से भारी वाहनों के आवागमन करने से सड़क धसने लगी थी जिस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसी बीच आज शाम को बनारस रोड एकेएस पेट्रोल पंप और रुद्र पेट्रोल पंप के बीच में सड़क लगभग 5 फीट गड्ढा हो गया। गड्ढे की लंबाई लगभग 12 फीट हो गया। इधर सड़क के बीच गड्ढा हो जाने पर आसपास के लोगों ने कोई दुर्घटना का शिकार न हो इसके मद्देनजर गड्ढे में बांस की बल्ली डालकर बोरा लगा दिया साथ ही बड़ी गाड़ी का आवागमन खतरा को देखते हुए रोक दिया गया जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर घटना की जानकारी लगते ही भटगांव थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं। पुलिस सुरक्षित तरीके से वाहनों की आवाजाही शुरू कराई।

## खबर संक्षेप

### गांधी स्टेडियम में संभाग स्तरीय नॉकआउट फुटबॉल मैच आज से

**अम्बिकापुर।** रविवार को संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, महापौर मंजुषा भगत ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह एवं उपाध्यक्ष देवनारायण के आतिथ्य एवं विधायक रामकुमार टोप्पो की अध्यक्षता में रविवार को गांधी स्टेडियम में संभाग स्तरीय नाक आउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। प्रतियोगिता में संभागभर की 40 टीमें भागीदारी करेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच अपराह्न 3 बजे कोलतास क्लब देवनगर एवं फुटबॉल क्लब रेलवे करंजी के मध्य खेला जाएगा।

### बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय मॉक अभ्यास 3 को

**बलरामपुर।** जिले में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने एवं संभावित बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने के उद्देश्य से सीएसएसआर बाढ़ बचाव परिदृश्य पर टेबल टॉप की बैठक 2 सितंबर को तथा संयुक्त मॉक अभ्यास 3 सितंबर 2025 को प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा अपर कलेक्टर आरएन पांडेय व जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी शिवकुमार कठौतिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मॉक अभ्यास में जिले के एनडीआरएफ की टीम सहित अन्य बचाव कर्ता दल एसडीआरएफ एवं विभिन्न संस्थान मॉक अभ्यास में भाग लेंगे।

# नदी में डूबने से मासूम बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। बालक कूल से घर आने के बाद नहाने के लिए अपने दोस्तों के साथ निकल गया था। घंटों बाद युवक का शव नदी के किनारे पानी टंकी के पास बरामद किया गया। बालक का शव बरामद करने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। इधर घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।



बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेलसरा नवाटोली निवासी 7 वर्षीय अनमोल केरकेट्टा आ. अनिल केरकेट्टा शुक्रवार की शाम 5 बजे स्कूल से लौटा था। स्कूल से आने के साथ ही बालक अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए केशला मांड नदी में चला गया। नहाते समय बचा नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गया और बहने लगा। इस दौरान नदी किनारे मौजूद लोगों ने अनमोल केरकेट्टा को बचाने का प्रयास किया लेकिन बहाव तेज होने के कारण वह तेजी से बहता चला गया और पानी में डूब गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम दवारा बच्चे की तलाश की जा रही थी। इस दौरान लगभग एक घंटे बाद बच्चे का शव घटना स्थल से लगभग एक किमी दूर पानी टंकी के पास बरामद किया गया। शनिवार को मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है और मां-पिता का रो रोकर बुरा हाल है।

### करैत ने डंसा तो कराने लगे झाड़फूंक, बच्ची ने तोड़ा दम

अंधविश्वास और जागरूकता की कमी ने एक बार फिर से मासूम की जान ले ली। सांप काटने के बाद परिजन बच्चे को लेकर अस्पताल के बदले झाड़ फूंक कराने के लिए ले गये। झाड फूंक के दौरान बच्चे की तबियत और बिगड़ गई और उसने दम तो दिया। अब इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के तराई में बसे गांव हर्रामार निवासी 13 वर्षीया ननकी सिदार आ. सुखन अपनी मां के साथ जमीन पर सोई हुई थी। इस दौरान देर रात बच्ची को कुछ काटने का एहसास हुआ तो उसने अपनी मां को उठाकर इसकी जानकारी दी। जब बच्ची की मां ने उठकर देखा तो एक करैत सांप मौजूद था और करैत ने ही बच्ची को डंसा था। बड़ी बात यह है कि बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाने के बदले परिजन झाडफूंक कराने के लिए बैगा के पास लेकर चले गये। बैगा के पास झाड़ फूंक के कारण उसकी तबीयत बिगडती चली गई और अन्ततः बच्ची ने दम तोड़ दिया। जागरूकता की कमी और अंधविश्वास के कारण माता-पिता ने अपनी मासूम बच्ची को खो दिया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है।

### चोरी की बाइक सहित दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** भैयाथान अंतर्गत ग्राम मोहली निवासी दिनेश देवांगन ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 अगस्त को सूरजपुर स्थित पेट्रोल पंप में बाइक क्रमांक सीजी 15 सीजेड 9444 को खड़ा कर काम से गया था। वापस आया तो देखा कि बाइक अपनी जगह से गायब थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसमें बाइक चोरी कर ले जाते एक व्यक्ति नजर आया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम मलगा निवासी मनु सिंह आ. मनकेश्वर (22 वर्ष) एवं चेतन सिंह आ. नंदलाल (21 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने बाइक चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की गई बाइक को बरामद किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई देवनाथ चौधरी, आरक्षक प्रदीप सोनवानी, जितेन्द्र पटेल व देवनीश सक्रिय रहे।

# ट्रक चालक और क्लीनर को लोगों ने पीट-पीटकर किया अधमरा

**घटना का वीडियो वायरल, अपराध दर्ज, ऑटो चालक को बचाने खड़ी बाइक को मारी थी टक्कर**

**अंबिकापुर।** ट्रक की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त होने से आक्रोशित लोगों ने जमकर उत्पात मचाया। लोगों ने ट्रक को रोककर चालक और परिचालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। लोगों ने चालक और परिचालक को इतना मारा कि वे खून से लथपथ हो गए। मारपीट से घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसके साथ ही इस मामले में ट्रक मालिक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस घटना के वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है।

बताया जा रहा है कि कोरिया जिले के पटना निवासी सुनील कुमार जायसवाल आ. बांके प्रसाद के ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 7186 को चालक कोरिया पटना के गाम महोरा निवासी चालक सुरेन्द्र सिंह आ. मोहरसाय व परिचालक सनी सिंह एमपी के आमाडांड से कोयला लेकर ओड़ीसा जा रहे थे। इस दौरान 29 अगस्त को सुबह 9 बजे सिलफिली के समीप अचानक ही ट्रक के सामने ऑटो रिक्शा आ गया। ऑटो रिक्शा चालक को बचाने के लिए चालक ने ट्रक को मद दिया जिससे सड़क किनारे खड़े कुछ बाइक क्षति ग्रस्त हो गए। घटना के बाद चालक और क्लीनर डरकर वहां से भाग निकले लेकिन 7-8 लोगों ने पीछा कर ट्रक को अजिरमा बाजार बेरियर के समीप घेर लिया चालक सुरेन्द्र सिंह व परिचालक सनी सिंह को वाहन से उतारकार उसके साथ जमकर मारपीट की। लोगों ने दोनों को मारकर अधमरा कर दिया जिससे वे बेहोश हो गए। इसके साथ ही लोगों ने ट्रक में भी तोड़फोड़ की। युवकों के साथ मारपीट की घटना का वीडियो अब वायरल हो रहा है। इस मामले में वाहन मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 191(2), 296, 324(4), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज किया गया है। वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।




# गैंगरेप के आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शुभ्रा पचौरी ने नाबालिग पीड़िता के साथ गैंगरेप करने के मामले में 3 आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 20 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

न्यायालीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता अपने दीदी के यहां शादी शामिल होने 7 जून 2023 को गई थी। इसी दौरान दिन में 11.30 बजे शादी के कार्यक्रम के दौरान वह नाच रही थी। जिसे आरोपियों ने देखा व दोपहर 2 बजे हंसपुर निवासी विनोद एक्का (25 वर्ष), चंद्र प्रकाश मिंज (25 वर्ष) व संदीप तिर्की (19 वर्ष) ने एक राय होकर नाबालिक पीड़िता को आइसक्रीम खिलाने के बहाने जबरदस्ती उसे स्कूटी में बैठा कर ले गए एवं जंगल के किनारे बांध के पास बारी-बारी से तीनों युवकों द्वारा सामुहिक दुष्कर्म किया। साथ ही रात 10 बजे किसी को नहीं बताने की धमकी देते हुए उसे घर में छोड़ दिया। पीड़िता द्वारा घटना के दूसरे दिन परिजन के साथ घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 363, 376 घ और पॉक्सो एक्ट की धारा 4,6 के तहत अपराध दर्ज किया। कुसमी थाना द्वारा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक राजेंद्र गुप्ता द्वारा पैरवी की गई। लोक अभियोजक राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि मामले में अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शुभ्रा पचौरी द्वारा तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** नानी सास के दशकर्म में शामिल होने आए मानसिक रूप से अस्वस्थ्य युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,जयनगर पुलिस ने बताया कि शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिरई निवासी 35 वर्षीय नकुल राम कोरवा पिता कुरा गत दिनों 21 अगस्त को जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करतमा पखनापारा निवासी प्रार्थी रामकोरवा के निवास अपने नानी सास के दशकर्म में शामिल होने आया था,बताया गया कि युवक पिछले 5-6 वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ्य था,इस दौरान युवक ने करतमा घुटरा पहाड़ में एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।



**खबर संक्षेप**

### जेल निरीक्षण समिति ने दी स्वच्छ रिपोर्ट



**मनेन्द्रगढ़।** किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के विधि से संघर्षरत बालकों की पहचान करने के उद्देश्य से बीते 20 अगस्त को उपजेल मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निरीक्षण समिति ने जेल परिसर का विस्तृत अवलोकन किया, जहां किसी भी 18 वर्ष से कम उम्र के बालक के निरूद्ध होने की पुष्टि नहीं हुई। निरीक्षण दल में बाल संरक्षण अधिकारी कोमल सिंह, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी साक्षी जायसवाल, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य श्रीमती पुष्पा गुलकरी, आउटरीच वर्कर राकेश पैकरा एवं सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार पैकरा शामिल रहे। समिति ने पूरे निरीक्षण कार्य को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया तथा यह सुनिश्चित किया कि किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों का पालन उपजेल मनेन्द्रगढ़ में सुचारू रूप से हो रहा है। यह निरीक्षण प्रशासनिक पारदर्शिता और बाल अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### कॉलेज परिसर में एसपी कार्यालय निर्माण का विरोध



**बैकुण्ठपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जिला कोरिया और महाविद्यालय केछात्र-छात्राओं ने कॉलेज परिसर में प्रस्तावित एसपी कार्यालय निर्माण का विरोध किया। अभाविप ने एसडीएम उमेश पटेल को ज्ञापन सौंपकर कहा कि शिक्षा के केन्द्र में प्रशासनिक भवन बनने से शैक्षणिक माहौल प्रभावित होगा और विद्यार्थियों को असुविधा होगी। अभाविप ने मांग की है कि परिसर में केवल शैक्षणिक संस्थान ही खोले जाएं तथा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर देने के लिए एलएलबी, जर्नलिज्म, बीसीए, एमसीए, एमबीए जैसे प्रोफेशनल कोर्स शुरू किए जाएं। साथ ही एसपी कार्यालय का निर्माण किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर किया जाए। अभाविप जिला संयोजक केशव राजवाड़े ने चेतावनी दी कि यदि 5 दिन में आदेश निरस्त नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला संयोजक केशव राजवाड़े, नीरज कुमार, आकाश सिंह, सुमंत कुमार, वंदना राजवाड़े सहित काफी संख्या में परिषद कार्यकर्ता व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया नया शैक्षणिक कैलेण्डर

# अब शनिवार को भी पहले की तरह संचालित हो रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग लोक शिक्षण संचनालय ने बीते दिनों चालू शिक्षा सत्र के लिए शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया।

शनिवार को प्रातःकालीन स्कूल संचालन को बंद कर सामान्य दिनों की तरह सुबह 10 बजे से स्कूल संचालित करने का समय-सारणी जारी किया गया था, इसके बाद कोरिया-एमसीबी जिले में अधिकांश विद्यालयों में प्रति शनिवार को स्कूल का संचालन सुबह की बजाए सामान्य दिनों की तरह सुबह 10 बजे से स्कूल संचालन करने लगे, लेकिन नया समय-सारणी जारी हुए एक माह से गुजर गए, लेकिन जिले के कुछ विद्यालय सुबह के समय ही शनिवार को स्कूल का संचालन कर रहे हैं, वहीं ज्यादातर विद्यालय सुबह 10 बजे से शनिवार को संचालित होने लगे हैं। देखने में आया कि 30 अगस्त शनिवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में शासकीय आदर्श रामानुज विद्यालय के साथ पास में संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यालय भी सुबह के समय संचालित होते पाए गए, जबकि जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में ही शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शनिवार को सामान्य दिनों की तरह 10 बजे से संचालित किया गया। इस तरह राज्य स्तर पर स्कूल संचालन के समय-सारणी को लेकर शिक्षकों में ही उहापोह की स्थिति देखने को मिल रही है। शनिवार को कही सुबह तो ज्यादातर विद्यालयों में बदले समय पर विद्यालय संचालित हो रहे हैं।



फाइल फोटो

### पूर्ववत संचालन की मांग

जानकारी के अनुसार शिक्षक संगठन के प्रांतीय पदाधिकारियों के द्वारा शिक्षा मंत्री से मांग की है कि प्रति शनिवार को विद्यालय पूर्ववत समय के हिसाब से संचालन करने का आदेश जारी करें।

### जिला स्तर पर जारी नहीं हुआ आदेश

राज्य स्तर पर जारी शैक्षणिक कैलेंडर में प्रति शनिवार को भी अब सामान्य दिनों की तरह सुबह 10 बजे से विद्यालय संचालन को लेकर समय-सारणी जारी की गई है। इस आदेश के बाद जिला स्तर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी शनिवार को स्कूल संचालन के संबंध में अब तक कोई आदेश जारी नहीं किए हैं, इसके चलते कोरिया जिले में शनिवार को कुछ विद्यालय पुराने समय के हिसाब से सुबह के समय ही विद्यालय संचालन कर रहे हैं, वहीं ज्यादातर विद्यालय बदले समय के हिसाब से संचालित हो रहे हैं।

# गणेश पूजा की धूम : बच्चों ने बनाई मिट्टी की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भगवान गणेश की पूजा-अर्चना शहर से लेकर गांव-गांव में की जा रही है। वैसे तो गणेश पूजा को लेकर बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह रहता है। कई घरों में बच्चे उत्साह के साथ गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं, वहीं जिले के कुछ विद्यालयों में भी उत्साहित बच्चों के द्वारा गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है।

जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम लटमा में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में उत्साही बच्चों के द्वारा विद्यालय में गणेशजी की छोटी मूर्ति स्थापित कर प्रतिदिन विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जा रही है। इस विद्यालय में दो कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए अपने-अपने कक्षा में भगवान गणेश की छोटी मूर्ति स्थापित कर प्रतिदिन पूजा-अर्चना की जा रही है। जानकारी के अनुसार जिले में संचालित कुछ अन्य विद्यालयों में भी गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना विद्यार्थियों के द्वारा किया जा रहा है।





### छोटे बच्चों ने बनाई गणेश प्रतिमा

मिली जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लटमा में स्थापित भगवान गणेश जी की मूर्ति विद्यालय के छोटे बच्चों के द्वारा ही मिट्टी से आकर्षक मूर्ति बनाई गई, जिसे कक्षा में स्थापित कर विधि पूर्वक पूजा-अर्चना की जा रही है। जानकारी के अनुसार यहां कक्षा छठवीं एवं सातवीं दोनों कक्षाओं में गणेश जी की मूर्ति कक्षा के विद्यार्थी ही बनाए और अपनी कक्षा में स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

# बेटियों को मिली साइबर सुरक्षा की सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिरमिरी

छग रजत जयंती महोत्सव की श्रृंखला और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोदरीपारा एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल चिरमिरी में साइबर सुरक्षा संबंधी विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभाग की अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई। बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम का यह भव्य आयोजन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा (मिशन शक्ति-हब) द्वारा किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराना और उन्हें डिजिटल युग में सुरक्षित बनाए रखने के लिए आवश्यक कौशल एवं जागरूकता प्रदान करना रहा। विशेषज्ञों ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया से जुड़े संभावित खतरों एवं उनके बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें आपातकालीन सेवाओं जैसे 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा और 1930 साइबर फ्रॉड शिकायत हेल्पलाइन से भी अवगत कराया गया।




छात्राओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में ये नंबर त्वरित और प्रभावी सहायता का माध्यम हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण साइबर सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता रहा। इसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने अपने विचारों के माध्यम से डिजिटल सुरक्षा के प्रति अपनी समझ और दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम ने सुरक्षित और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग का स्पष्ट संदेश दिया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की पूरी टीम सक्रिय रही। मिशन शक्ति से श्रीमती अनीता कुमारी साह, सखी वन-स्टॉप सेंटर से प्रियंका राजवाड़े व सुप्रिया ठाकुर, कन्या स्कूल के प्राचार्य भारत जायसवाल, स्वामी आत्मानंद इंग्लिस स्कूल के प्राचार्य डीके उपाध्यक्ष, थाना स्टाफ एवं अन्य अधिकारियों ने सक्रिय सहयोग दिया। उनके मार्गदर्शन और सहभागिता से छात्राओं को सहज और प्रेरणादायी वातावरण में साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करने का अवसर मिला।

### हादसों पर रोकथाम : जिले में शुरू होगी गौधाम योजना

**मनेन्द्रगढ़।** हाईवे और शहरी सड़कों पर आवारा मवेशियों के कारण हो रहे लगातार सड़क हादसों पर अब प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। शासन के निर्देशानुसार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के निष्क्रिय गौठानों को अब गौधाम के रूप में विकसित किया जाएगा। इन गौधामों में मवेशियों को सुरक्षित रूप से रखा जाएगा, ताकि वे सड़कों पर न भटकें और लोगों की जान खतरे में न पड़े। शासन ने हाल ही में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि राष्टीय राजमार्ग और प्रमुख मार्गों पर विचरने वाले मवेशियों को नजदीकी ग्राम पंचायतों में बने गौधामों में रखा जाए, इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में समितियां गठित कर उनकी निगरानी सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। विदित हो कि दूध देना बंद करने के बाद कई पशुपालक अपने मवेशियों को सड़कों और कचरा स्थलों पर छोड़ देते हैं, इसके चलते यह मवेशी अक्सर हाईवे पर आकर हादसों का कारण बनते हैं। कई बार वाहनों की ठोकर से मवेशी असमय मौत के शिकार हो जाते हैं, वहीं हादसों में वाहन चालकों की भी जान चली जाती है। हाल ही में एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत भी हो चुकी है। मौजूदा समय में जिले के एक भी गौठान सक्रिय नहीं हैं। सभी गौठान बंद पड़े हुए हैं।

# सावधानी से करें यातायात नियमों का पालन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या ऑडिटोरियम बैकुंठपुर में आयोजित किया गया।

■ सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा वाद विवाद प्रतियोगिता

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा थीम पर आधारित वाद विवाद प्रतियोगिता में विकासखंड बैकुंठपुर एवं सोनहत के चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन लोगों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा थीम पर आधारित जिला स्तरीय वाद - विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा अपना पक्ष और विपक्ष प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने थीम के पक्ष में शहर में बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को रोकने , जनभागिदारी सुनिश्चित करने यातायात के नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन के रूप देने में सार्थक पहल करने हेलमेट व शीटबेल्ट की अनिवार्यता आदि पर अपना विचार प्रस्तुत किया। इसी तरह विपक्ष से हेलमेट व शीटबेल्ट लगाने से नुकशान, खराब सड़क व्यवस्था, सड़कों पर पशुओं का घुमना, तीव्र रफ्तार में वाहन चलाने से समय की बचत आदि विचारों के द्वारा अपना विपक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रत्येक प्रतिभागियों को 5 मिनट का समय दिया गया था। इसमें वे अपना तर्क-वितर्क रख सकते थे। निर्णायक दलों के द्वारा प्रत्येक प्रतिभागियों से सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रश्न भी पूछा गया, इसके पश्चात विनय मोहन भट्ट प्रशासक, मारूती शर्मा जिला परियोना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर देवेश जायसवाल, एसआई पुलिस विभाग बीरबल राजवाड़े , नायक डॉ. महेश मिश्रा यातायात विभाग द्वारा उदबोधन में प्रतिभागियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं पालको को जीवन अमूल्य है, इसकी सुरक्षा आपके हाथों में है, आपको सावधानी से यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क पर चलना चाहिए, इसके अनेकों उदाहरण प्रस्तुत किए गए और क्यों चलना चाहिए।

# मोर खेल-मोर गौरव कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल




नगर पालिक निगम चिरमिरी के सभागार में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मोर खेल-मोर गौरव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर रामनरेश राय, एमआईसी सदस्य संध्या सोनवानी, पार्षद संजीत कुमार, आयुक्त रामप्रसाद आचला सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई, इसके बाद संगोष्ठी आयोजित हुई। महापौर रामनरेश राय ने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। उन्होंने 1928 एम्सटर्डम, 1932 लॉस एंजिल्स और 1936 बर्लिन ओलंपिक में भारत को लगातार तीन गोल्ड मेडल दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने अद्भुत स्टिक-वर्क और बॉल कंट्रोल की वजह से उन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता है। आयुक्त रामप्रसाद आचला ने अपने संबोधन में कहा कि पद्मभूषण से सम्मानित ध्यानचंद का खेल अनुकरणीय है। 1936 बर्लिन ओलंपिक में उनके खेल से प्रभावित होकर जर्मन शासक हिटलर ने उन्हें जर्मन सेना में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने उसे ठुकराकर अपने देश को चुना। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी, अधीक्षक उमाशंकर साहू, इंजीनियर विजय बधावन, पंचू साहू, संजीव तिवारी, एसके राणा, श्रीमती संगीता, पी. लिवी, अनूज सहित निगम के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत क्षेत्र मांजा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गुलाबी बाई बेवा फुलसाय जाति रजवार निवासी ग्राम मांजा रा.नि.म. व तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के संयुक्त स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम मांजा में स्थित खसरा नंबर 80/1, 860/1, 860/2, 861/4, 935, 1073, 1075, 1076/3 कुल प्लाट 8 कुल रकबा 0.57 हे. भूमि स्थित है। उक्त वादभूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश आवेदिका एवं उसके वारिसानों का नाम छुट गया है जिसे आवेदिका वर्ष 2007-08 के रिकार्ड के आधार पर सुधार कराने हेतु अन्य दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 03/09/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति पेश कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 18/08/2025 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार
रामानुजनगर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

मानसिक एवं न्यूरों रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी, (बी.एच.यू.) वाराणसी
दिनांक 31 अगस्त 2025
दिन - रविवार
समयः- सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

न्यूरो ओ.पी.डी. - प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 सितंबर, 2025
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरवपथ, अम्बिकापुर

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 सितम्बर 2025
दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें - 7587722255

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक -31 अगस्त 2025
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo HOSPITALS BILASPUR
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो) पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ , पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर 07774222555, 8718003300, 8085886678,
गायत्री हॉस्पिटल बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281, 8120906000

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355


नवजागरण सेवा समिति जय स्तम्भ चौक।


जयश्री महाकाल सेवा समिति भट्ठापारा।


विनायक यूथ सेवा समिति प्रतापपुर नाका।


गणेश सेवा समिति सदर रोड।

## खबर संक्षेप



### खेलो इंडिया वुमेन्स ताइक्वांडो में दिव्या ने जीता सिल्वर

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में बालोद जिले में ताइक्वांडो संघ द्वारा राज्य स्तरीय अस्मिता खेलो इंडिया वुमेन्स लीग का आयोजन किया गया। 23 व 24 अगस्त को आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में सरगुजा से जिले से भी टीम शामिल हुई। कोच अमन गुप्ता, पल्लवी के साथ दिव्या राजवाड़े, रौनिका तिग्गा, वर्षा यादव, रिमांड कुमारी, कविता राजवाड़े ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। अंडर 14 वर्ष बालिका वर्ग में दिव्या राजवाड़े ने सिल्वर मेडल जीता। दिव्या राजवाड़े के इस उपलब्धि पर कोच अमन गुप्ता, सावित्री तिवारी, अंजली सिंह, वसी ओवैसी, पल्लवी, मो. सराफत ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। दिया साथ ही उज्वल भविष्य की कामना भी कये।

### कलेक्ट्रेट इलेवन ने पुलिस इलेवन को हराया महिला वर्ग में भी कलेक्ट्रेट टीम विजयी



**सूरजपुर।** जिले में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जयंती 29 अगस्त खेल दिवस के अवसर पर क्रिकेट मैचों का आयोजन पुलिस ग्राउंड पर्री में किया गया। जिसमें कलेक्ट्रेट इलेवन, पुलिस इलेवन एवं राजस्व इलेवन की टीमों ने भाग लिया। पहला मैच 10-10 ओवर का कलेक्ट्रेट 11 और पुलिस 11 के बीच खेला गया। इस मैच में कलेक्ट्रेट इलेवन के कलेक्टर, डीएफओ, जिपं सीईओ, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित ओवरों में 99 रन बनाए। जवाब में पुलिस इलेवन की टीम 70 रन ही बना सकी और कलेक्ट्रेट इलेवन ने मुकाबला जीत लिया। दूसरा मैच राजस्व इलेवन और पुलिस इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच में राजस्व इलेवन ने 72 रन बनाए, जिसके जवाब में पुलिस इलेवन ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 83 रन बनाए और यह मैच अपने नाम किया। महिला वर्ग में भी कलेक्ट्रेट इलेवन और पुलिस इलेवन के बीच 5-5 ओवर का मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में कलेक्ट्रेट इलेवन ने 18 रन बनाए, जिसके जवाब में पुलिस इलेवन की टीम 15 रन ही बना पाई। महिला वर्ग में भी कलेक्ट्रेट इलेवन की जीत हुई।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक में विशेषज्ञ चिकित्सक आज

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में आज रविवार को रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज प्रसाद संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

### उखड़ रही छत व दीवार की प्लास्टर, बारिश होते ही टपकता है पानी

# देखरेख एवं मरम्मत के अभाव में केवरा हाई स्कूल की हालत दयनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम पंचायत केवरा में संचालित हाईस्कूल का भवन देख रेख के अभाव में काफी जर्जर हो गई है। भवन की हालत अब ऐसी हो गई है कि छत व दीवार का प्लास्टर उखड़ कर गिरने लगे है। ऐसे में हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। स्कूल के छात्र-छात्राएं न सिर्फ डरे सहमे रहते है बल्कि जान जोखिम में डाल पढ़ाई करने को मजबूर है।जबकि इस बारिश के मौसम में छत का प्लास्टर उखड़ने से अब छत से पानी टपकना शुरू हो गया है जिससे विद्यार्थियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि भवन की जर्जर हालत को लेकर विभाग के अधिकारियों को अवगत नहीं कराया गया है। बावजूद इसके आज तक भवन की मरम्मत नहीं हो सकी। जिसका खामियाजा छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को भुगतना पड़ता है।

**खास बात**

- जर्जर स्कूल भवन में पढ़ने को मजबूर विद्यार्थी, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

ग्राम पंचायत केवरा स्थित संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण हुए कई साल हो चुके है। बावजूद इसके आज तक भवन का मरम्मत नहीं कराया गया। समय पर भवन की मरम्मत नहीं होने से अब जीर्णशीर्ण होने लगी है। जबकि स्कूल में आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं पढ़ाई करने आते है। स्कूल भवन के मरम्मत नहीं होने पर कई कक्ष के प्लास्टर उखड़ कर गिरने लगी। स्कूल भवन के जर्जर होने के संबंध में कई बार विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया बावजूद इसके मरम्मत कराने बगैर कक्षा संचालित है जो बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। स्कूल भवन के जीर्ण शीर्ण हालत होने के बाद भी भवन की मरम्मत आज तक नहीं हो सकी जिससे जर्जर भवन में क्षेत्र के छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डाल पढ़ाई करने को मजबूर है। समय रहते भवन की मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले समय में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।


जर्जर केवरा हाई स्कूल।

### बारिश में तर बतर होता है सभी कक्ष

बरसात के मौसम के अलावा बेमौसम बारिश होने पर स्कूल स्कूल का कोई भी ऐसा कैमरा नहीं बचता जहां पानी सीपेज और छत से पानी न टपकता हो। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है बेमौसम बारिश के दौरान ऐसे स्थिति निर्मित होती है तो इस बरसात के मौसम में मूसलाधार बारिश से स्कूल की स्थिति कैसी होगी। बावजूद इसके बच्चे जान जोखिम में डालकर जर्जर स्कूल में बैठने और पढ़ाई करने को मजबूर है। छत से पानी टपकने से जहां बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता तो वहीं शिक्षकों को भी पढ़ाने से काफी परेशानी होती है।

### अन्य स्कूलों की हालत जर्जर

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत अन्य शासकीय स्कूलों की हालत दयनीय है। विद्यालय का निर्माण कुछ वर्ष पहले किया गया था लेकिन आज की स्थिति सिर्फ मरम्मत के सहारे ही चल रही है बल्कि इन स्कूल की दीवारों का प्लास्टर भी अब साथ छोड़ दे रहे हैं। भवन अपनी मजबूती खो चुकी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे न सिर्फ अपनी जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण कर रहे है बल्कि हर समय डर के साय में रहते है।

### अधिकारियों को कराया गया है अवगत

स्कूल भवन की जर्जर होने की जानकारी मिली है। उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया गया है। जर्जर भवन और मरम्मत के लिए अब तक कोई पहल नहीं की गई है।

-एमएल ध्रुव
विकासखंड शिक्षा अधिकारी

# मंत्री ने गणेशोत्सव कबड्डी स्पर्धा के लिए उपलब्ध कराई मेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

विकास खण्ड मुख्यालय के ग्राम पंचायत ओडगी में गणेश पूजा समिति द्वारा रात्रिकालीन गणेशोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन लगातार कई वर्षों किया जाता है,जिसके लिए कबड्डी के खिलाड़ियों व समिति द्वारा मंत्री लक्ष्मी राजवाडे के ओडगी प्रवास के दौरान मेंट की मांग की गई थी। प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व क्षेत्रीय विधायक व मंत्री द्वारा खेल समिति को मेंट उपलब्ध कराई। मेट उपलब्ध कराने से खिलाड़ियों व रात्रिकालीन गणेशोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता समिति में हर्ष ब्याप्त है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का यह कदम युवाओं में खेल के प्रति रूची बढाने में अहम भूमिका साबित होगी। प्रतियोगिता रात्रिकालीन गणेशोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता समिति को मेट जनपद सदस्य श्रीमति गौरी सिंह, सरपंच बिंदेश्वर चेरवा, बलराम सोनी, उप सरपंच संतोष सिंह, आशीष प्रताप सिंह, धनेश्वर राजवाड़े, भूपेन्द्र साहू द्वारा समिति के अवध राजवाड़े, संजय राजवाड़े, भीम सेन, खम्मीत राजवाड़े, संतोष, सुखदेव, भागीरथी राजवाड़े, पुष्पेन्द्र सिंह व अन्य उपस्थित सदस्यों को सौंपा गया।



### पशु स्वास्थ्य शिविर में किया गया 1857 मवेशियों का उपचार

**बिहारपुर।** वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित पशु स्वास्थ्य शिविर में पशुओं के विभिन्न रोगों का उपचार किया गया तथा पशुपालकों को पशुओं की देखभाल के बारे में बताया गया। शिविर में पशु की स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, कृमिनाशक दवा वितरण किया किया। डॉ.केएम यादव ने पशुपालकों को पशुओं के संतुलित आहार, स्वच्छ पेयजल, और उचित देखभाल के बारे में जानकारी दी। शिविर में 237 किसानों के 1234 गाय एवं बैल, 45 भैंस, 1575 बकरियों और 216 पोल्ट्री पक्षियों का उपचार किया गया।





### नवीन महाविद्यालय में कैरियर गाइडेंस कार्यशाला

**लखनपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय लखनपुर में शनिवार को जिला रोजगार कार्यालय सरगुजा के तत्वाधान में कैरियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों एवं आगामी अक्टूबर माह में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रोजगार मेला की जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ उप संचालक रोजगार एसपी त्रिपाठी रोजगार अधिकारी ललित कुमार पटेल ने विद्यार्थियों को रोजगार से जुड़ी योजनाओं, कैरियर निर्माण के विभिन्न पहलुओं और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। कार्यशाला का संयोजन एवं मंच संचालन सहायक प्राध्यापक प्रेमचंद यादव ने किया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया तथा सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# 20 माइनिंग अधिकारियों की नवीन पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल कम्पनी मुख्यालय ने शनिवार 30 अगस्त को नया आदेश जारी कर विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ 20 माइनिंग अधिकारियों को नई पदस्थापना दी है।

- प्रभारी जीएम बिश्रामपुर का पदभार संभाल रहे डॉ संजय सिंह अब होंगे क्षेत्र के स्थाई जीएम
- भटगांव जगन्नाथपुर ओसीएम में पदस्थ गिरीश कुमार रॉय होंगे नये जीएम ऑपरेशन बिश्रामपुर

जारी आदेश में पिछले करीब साढ़े चार माह से बिश्रामपुर क्षेत्र में अस्थाई तौर पर प्रभारी क्षेत्रीय महाप्रबंधक का कार्यभार संभाल रहे डिप्टी जीएम डॉ संजय कुमार सिंह को अब बिश्रामपुर क्षेत्र का स्थाई महाप्रबंधक नियुक्त कर दिया गया है,इसके अलावा डिप्टी जीएम के तौर पर एक अनुभवी अधिकारी गिरीश कुमार रॉय को बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ किया है।गिरीश कुमार रॉय भटगांव के जगन्नाथपुर ओसीएम में बतौर सब एरिया मैनेजर का दायित्व निभा रहे थे।जारी आदेश अनुसार शारदा सोहागपुर सब एरिया मैनेजर अमरेश पाण्डेय अब मुख्यालय में डीटी पी एंड पी के ओएसडी नियुक्त किए गए हैं।

ओम प्रकाश अटल मैनेजर बरोद रायगढ़ क्षेत्र बिश्रामपुर के अमेरा सहक्षेत्र प्रबंधक नियुक्त किए गए हैं,मयंक वर्मा मैनेजर गेवरा को जगन्नाथपुर भटगांव ओसीएम का सब एरिया मैनेजर नियुक्त किया गया है,संजय कुमार मैनेजर विजय वेस्ट चिरिमिरी को को सब एरिया मैनेजर चर्चा भूमिगत खदान बैकुंठपुर नियुक्त किया गया है, वहीं जितेंद्र कुमार ई 7 चर्चा बैकुंठपुर से शारदा सोहागपुर एरिया का सब एरिया मैनेजर नियुक्त किया गया है, रविशंकर त्रिपाठी सबएरिया मैनेजर मदननगर को भटगांव यूजी के सब एरिया मैनेजर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है,शाहबाज अहमद मैनेजर कुसमुंडा को एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुसमुंडा नियुक्त किया गया है,देवेंद्र कुमार दीपका ओसी से सब एरिया मैनेजर छुराकछार बल्गी एंड बांकी कोरबा एरिया नियुक्त किया गया है,सनातन कुमार त्रिपाठी मैनेजर बारतराई से मैनेजर जमुना 9-10 जमुना कोतमा एरिया नियुक्त किया गया है, राकेश कुमार को गेवरा ओपन कास्ट का मैनेजर नियुक्त किया गया है,अनिल कुमार को मैनेजर बरतराई जमुना कोतमा एरिया की जिम्मेदारी दी गई है,रवि नारायण पाढ़ी मैनेजर सराय पाली अब एसओ माइनिंग कोरबा का कार्य देखेंगे,मनोज कुमार दीपका से मैनेजर सराय पाली कोरबा, डीपी जायसवाल कुसमुंडा से मैनेजर मानिकपुरी कोरबा एरिया, बीके नायक को मैनेजर बरोद रायगढ़ क्षेत्र, कैलाश चंद बाल को मैनेजर कुसमुंडा, नंद किशोर मीना मैनेजर विजय वेस्ट चिरिमिरी, अमर साहू असिस्टेंट मैनेजर को बैकुंठपुर से कोरबा क्षेत्र स्थानांतरित किया गया है।

# जनपद सीईओ सहित उपाध्यक्ष पहुंचे आदिवासी सुदूर अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी आरईएस सुदर्शन भगत सहित जनपद पंचायत कुसमी के उपाध्यक्ष अशोक सोनी एवं सब इंजीनियर सहित समस्त तकनीकी सहायक विकासखंड के सुदूर आदिवासी अंचल ग्राम पंचायत चुनचुना, पुनदाग, सबाग सहित अन्य ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों के प्रधान मंत्री जन मन आवास योजना अंतर्गत बन रहे आवास, निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन सहित शासन द्वारा दिए जा रही मूलभूत सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी लेने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही अन्य विकास कार्यों की ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव से जानकारी ली गई।


- शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं के संबंध में ली जानकारी

शासन द्वारा चलाए जा रहे प्रधान मंत्री जन मन आवास के कार्यों को जल्द से जल्द समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिए। आज के इस सुदूर आदिवासी अंचल में एक दिवसीय दौरा में ग्राम पंचायत में किए गए कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी आरईएस सुदर्शन भगत, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, सब इंजीनियर अमरेश यादव, तनुज अंबष्ट, तकनीकी सहायक विद्या चरण यादव, ब्रिज किशोर सहित जनपद पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी के साथ साथ ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय में स्वयंसेवकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



गुरुवार को शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में नए सत्र में प्रवेश लेने वाले सभी स्वयंसेवकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अजय कुमार गुप्ता व्याख्याता आत्मानंद स्कूल चेंद्रा, रचित कुमार मिश्रा सामाजिक कार्यकर्ता अंबिकापुर व नितेश कुमार अंबिकापुर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डीपी कोरी ने की, संस्था के प्राचार्य व कार्यक्रम अधिकारी डी पी कोरी ने स्वागत उद्बोधन में स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना से लेकर प्रशासनिक ढांचे को विधिवत बताया गया तथा सभी स्वयंसेवकों से आह्वान किया गया कि महाविद्यालय एवं देशहित में अपने कर्तव्य का पालन करें। प्राचार्य ने इस दौरान स्व रचित कविता का पाठ कर स्वयंसेवकों को प्रेरित किया गया, मुख्य वक्ता के रूप में अजय कुमार गुप्ता ने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के एबीसी प्रमाण पत्र के महत्व उद्देश्य एवं कर्तव्य को रेखांकित किया गया, उन्होंने कहा कि सभी स्वयंसेवक कदम मिलाकर महाविद्यालय के हित में कार्य करें और अपने जीवन को उज्जवल बनायें,रचित कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित परीक्षा परिणाम के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के द्वारा द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित किया जाएगा ,अंत में महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य ने अपने रचित कविता के संग्रह की किताब उपस्थित अतिथियों को भेंट की,कार्यक्रम में महाविद्यालय के बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार निशांत मिंज अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र के द्वारा किया गया।






## खबर संक्षेप

### केआर टेक्निकल कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** केआर टेक्निकल कॉलेज के विभिन्न संकायों में विद्यार्थी 5 सितम्बर तक प्रवेश करा सकेंगे। शासन द्वारा प्रवेश की तिथि बढ़ा दी गई है। कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए सहित विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। कॉलेज द्वारा समय-समय पर कम अवधि के रोजगारपरक पाठ्यक्रम एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं जिससे विद्यार्थियों के कैरियर के नए अवसर प्राप्त होते हैं। कॉलेज में अध्ययनरत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा है। कॉलेज में आधुनिक लैब, लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स ग्राउंड, सेमिनार हॉल की विशेष सुविधा है।

### खाद की कालाबाजारी को लेकर आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन कल

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के किसान इस समय खाद की गंभीर किल्लत और कालाबाजारी से जूझ रहे हैं। सरकार द्वारा 45 किग्रा की बोरी यूरिया का दाम मात्र 242 और 50 किग्रा की बोरी डीएपी का औसत मूल्य 1350 तय किया गया है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि किसान वही यूरिया 1000 तक और डीएपी 2000 तक खरीदने को मजबूर हैं। आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जफर खान ने कहा कि यह समस्या हर साल सामने आती है, लेकिन सरकार लगातार लापरवाही बरत रही है। खाद की कमी होते ही कालाबाजारी करने वालों की चांदी हो जाती है और किसान दोहरी मार झेलने को मजबूर हो जाते हैं। आम आदमी पार्टी द्वारा सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर सहित पूरे प्रदेश में सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह आंदोलन हर जिला मुख्यालय में एक साथ आयोजित होगा।

### कृषि विज्ञान केंद्र में भगवान बलराम की जयंती मनी




**सीतापुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अतंर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र सीतापुर मैनपाट में भगवान श्री बलराम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने श्री बलराम जी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि रासायनिक ऊर्वरकों एवं कीटनाशक का प्रयोग जितना कम से कम हो सके उतना कम करते हुए खेती करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राजकुमार गुप्ता उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा राज कुमार गुप्ता ने कृषकों को जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के जरिए कम लागत में अधिक उत्पादन के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राजेश चौकसे ने अपने तकनीकी व्याख्यान में बताया कि प्राकृतिक खेती से न केवल मृदा स्वास्थ्य और पोषण चक्र में सुधार होता है बल्कि उत्पादन लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है। एसएडीओ कृषि श्रीमती लिली मोरिस बखला ने कृषि विभाग की समस्त योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार लकड़ा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. शमशेर आलम ने किया।

### बिश्रामपुर क्षेत्र के अलग-अलग खदान के 21 कोलकर्मी हुए सेवानिवृत्त




बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अलग अलग खदान यूनिट में पदस्थ 21 कोल कर्मचारी आज 30 अगस्त शनिवार को ड्यूटी से सेवानिवृत्त हो गए।सेवानिवृत्त कर्मियों के सम्मान में यूनिट स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन कर सभी को भावभीनी विदाई दी गई।सेवानिवृत्त हुए कर्मियों में अमेरा सहक्षेत्र के लिपिक अमरपाल मिश्रा, महेंद्र प्रसाद के नाम शामिल हैं। गायत्री खदान से कन्हैया लाल,रामदेव,कामेश्वर राम, दशरथ प्रसाद, जगसाय, पवानी, विजय चक्रवर्ती, रामधारी, आमगांव खदान से प्रवीण कुमार शर्मा, बिश्रामपुर ओसीएम से सुखदेव सिंह, बलरामपुर 10-12 खदान से सहेबा, रुदन, भूखेश्वर राम, सत्येंद्र कुमार रॉय,टीबुल राम, रेहर खदान से धनेश्वर,कुमदा सब एरिया से कंदरा राम,शिव प्रसाद, रीजनल वर्कशॉप से राजेशिया बाई के नाम शामिल हैं। सभी कामगारों को यूनिट स्तर पर उन्हें शॉल व श्रीफल सहित मेडिकल कार्ड व सकल देयकों के भुगतान संबंधी प्रपत्र कंपनी से मिलने वाला उपहार सौंपा गया एवं सभी के सेवाकाल की सराहना कर संबंधितों को विदाई दी गई।

### डबरी में डूबने से वृद्ध पहाड़ी कोरवा महिला की गई जान

**बतौली/सेदम।** बतौली के दूरस्थ ग्राम पंचायत नकना में शुक्रवार शाम 4 बजे डबरी में महिला की लाश ग्रामीणों ने देखी। मृतिका की पहचान नकना पहाड़ जोबला पारा निवासी 70 वर्षीय सुखनी पति सयतु पहाड़ी कोरवा के रूप में हुई है। महिला गांव में दंतवन और दोना पत्तल बेचने जोबला पारा पहाड़ से आई थी जो घर वापसी के दौरान सड़क किनारे स्थित हीरालाल के डबरी में पैर फिसलने से गिर गई। रास्ता सुनसान होने से ग्रामीण को पता नहीं चला शाम चार बजे डबरी में गांव के ही ग्रामीण ने लाश देखकर घटना की जानकारी गांव वालों को दी। इधर सूचना पर सीतापुर पुलिस मौके पर पहुंच लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सिविल सेवा आचरण अधिनियम की अवहेलना

# पीएचई के निलंबित अभियंता को बना दिया प्रभारी ईई, आनन-फानन में सीई ने बदला आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

निलंबित कार्यपालन यंत्री का निलंबन समाप्त किए बिना कार्यपालन अभियंता का प्रभार देकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विवादों से घिर गए हैं। संभवतः ऐसा पहली बार हुआ है कि निलंबन के उपरांत वरिष्ठ कार्यालय में संलग्न किसी अधिकारी का निलंबन समाप्त किए बिना ही कार्यपालन यंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन के निर्देशों एवं सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 की धारा 3 की खुली अवहेलना पर विभाग की कार्यप्रणाली पर तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

**खास बात**

- बलरामपुर के अभियंता के लंबी छुट्टी के आवेदन पर एसई ने जारी किया आदेश

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बलरामपुर में पदस्थ प्रभारी कार्यपालन यंत्री पंकज जैन ने पारिवारिक कारणों से 18 अगस्त से 30 सितम्बर 2025 तक अर्जित अवकाश पर जाने का आवेदन 16 दिन पूर्व किया था। प्रभारी कार्यपालन यंत्री के लंबी छुट्टी पर जाने के आवेदन से विभाग के अधिकारियों के समक्ष संकट की की स्थिति निर्मित हो गई। अधीक्षण अभियंता प्रमोद सिंह ने इस संबंध में मुख्य अभियंता को अवगत करा मार्गदर्शन मांगा। इस संबंध में उनसे चर्चा भी की। मुख्य अभियंता ने पत्र क्रमांक 2277 दिनांक 12 अगस्त 2025 के माध्यम से अधीक्षण अभियंता को एक साल पूर्व निलंबित एसई कार्यालय में संलग्न कार्यपालन यंत्री चंद्रबदन सिंह को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत आगामी आदेश तक के लिए कार्यपालन यंत्री नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया। अधीक्षण अभियंता द्वारा जारी पत्र क्रमांक 31//स्था/ अअभि/ लो स्वा यां वि दिनांक 14 अगस्त 2025 को जानकारी मिलने पर विभाग के अधिकारी आदेश की आलोचना करने लगे। कलेक्टर द्वारा आयोजित समय-सीमा की बैठक में भी अधिकारियों के आदेश की जमकर चर्चा हुई तो अधिकारियों को अपनी गलती का अहसास हुआ तथा दूसरा आदेश जारी कर जशपुर के कार्यपालन यंत्री एसडी सिंह को प्रभारी कार्यपालन यंत्री नियुक्त करने का आदेश जारी किया गया। पिछले साल जल-जीवन मिशन की समीक्षा में बड़ी लापरवाही उजागर होने के बाद विभाग ने बड़ी संख्या में कार्यपालन यंत्रियों को निलंबित किया था। विभाग ने लापरवाही पर बलरामपुर एवं सरगुजा के कार्यपालन यंत्री को भी निलंबित कर दिया था। अभी निलंबित कार्यपालन यंत्रियों की जांच पूरी नहीं हो सकी है न ही निलंबन ही समाप्त किया गया है।

### प्रभार के लिए निलंबन समाप्त होना जरूरी

शासकीय विभागों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को गंभीर आरोपों पर शासन-प्रशासन द्वारा निलंबित किया जाता है। आरोपों की जांच को निलंबित अधिकारी प्रभावित न कर सकें इसलिए उन्हें अन्यत्र संलग्न किया जाता है। शासन निलंबित अधिकारी-कर्मचारियों से कोई काम नहीं लेता न ही उनकी उपस्थिति ली जाती है। हर महीने निलंबित कर्मी जीवन निर्वाह के लिए कोई अन्य कार्य नहीं करने का प्रमाण पत्र देते हैं तो विभाग द्वारा उन्हें वेतन की 60 फीसदी राशि जीवन निर्वाहन भत्ता के रूप में भुगतान करता है। किसी भी शासकीय जिम्मेदारी के लिए संबंधित अधिकारी के आरोपों की जांच होना एवं निलंबन समाप्त होना जरूरी है। निलंबित अधिकारी-कर्मचारी को कोई भी शासकीय जिम्मेदारी नहीं सौंपी जाती। जांच में आरोप सिद्ध होने पर वेतन वृद्धि रोकने एवं सर्विस ब्रेक की सजा निर्धारित करने का विधान है।

### विभाग के अधिकारियों का टोटा

जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में शासन द्वारा एक साथ बड़ी संख्या में कार्यपालन यंत्रियों को निलंबित करने से पीएचई में अनुभवी एवं जानकार अधिकारियों की कमी हो गई है। शासन द्वारा हर जिले में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। मिशन के निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार एवं प्रारंभिक सर्वे की खानापूर्ति के कारण योजना का क्रियान्वयन पिछड़ गया है। इस महीने कुछ कार्यपालन यंत्री अपनी सेवा अवधि पूर्ण होने के बाद अवकाश ग्रहण करेंगे जिससे विभाग की समस्या और अधिक बढ़ जाएगी तथा दूसरे जिले के कार्यपालन यंत्री प्रभारी बनकर मिशन के कार्यों को गति देंगे।

### जारी किया गया है दूसरा आदेश

मुख्य अभियंता के निर्देश पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत निलंबित ईई को प्रभारी मंत्री बनाने का आदेश जारी किया गया था। मुख्य अभियंता द्वारा नया आदेश जारी कर जशपुर के ईई को प्रभारी कार्यपालन यंत्री का आदेश जारी किया गया है।

-प्रमोद सिंह
अधीक्षक अभियंता, पीएचई

## भारत यात्रा में निकले जितेन्द्र का ग्राम पंचायत दोरना में किया गया स्वागत

**शंकरगढ़।** मनुष्य और प्रकृति के बीच टूटते हुए रिश्तों को जोड़ने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के भिंड जिले के सूरपुरा गांव के निवासी जितेंद्र झा (41 वर्ष) भारत यात्रा में निकला है। शनिवार को जितेन्द्र झा शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत दोरना पहुंचा। जहां दोरना निवासी सीमू अग्रवाल, अनिल अग्रवाल द्वारा उनका स्वागत व सम्मान किया। जितेन्द्र झा ने बताया कि 29 फरवरी 2024 गुरुवार की सुबह 4.30 बजे घर से भारत यात्रा पर निकले है। उन्होंने बताया की अब तक करीब 11 हजार किलोमीटर की यात्रा कर ली जिसमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और अब छत्तीसगढ़ की यात्रा पर है। यहां से आगे बढ़ते हुए जशपुर होते हुए रांची से वेस्ट बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश होते हुए उत्तराखंड में अपनी यात्रा समाप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों से प्रकृति से छेड़खानी न करने एवं जीव जंतु को न मारने एवं प्रकृति की सौंदर्यता को बनाए रखने हेतु आग्रह किया है। भारत यात्रा में निकलने से पहले वह भिंड जिले में स्नेक सेवर का काम करते थे और जीव जंतु की रक्षा करते थे।



## टीपी नगर में ननि कर्मचारी ने किया कब्जा, की गई कार्रवाई

**अंबिकापुर।** शहर के टीपी नगर में नगर निगम की जमीन पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ ननि ने कार्रवाई की है। ननि की उड़नदस्ता टीम ने मौके पर एक अवैध गुमटी को जब्त करने के साथ ही एक मकान व एक अहाता को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की है। इसके साथ ही भविष्य में अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बड़ी बात तो यह है कि जिन लोगों ने ननि की जमीन पर अतिक्रमण किया उसमें एक नगर निगम का कर्मचारी भी शामिल था। ऐसे में लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिला।

- पार्षद की शिकायत के बाद हटाए गए तीन अतिक्रमण



बता दें कि शहर के टीपी नगर कदम पारा में नगर निगम की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था। सावित्री नाम की एक महिला ने अपने घर के बगल में ननि की जमीन पर अतिक्रमण कर एक कमरे का निर्माण कर लिया था। इसके साथ ही ननि के एक कर्मचारी द्वारा ननि की जमीन पर कब्जा करते हुए बाउंड्री वाल का निर्माण करने के साथ ही शेड लगा लिया था। इस अवैध अतिक्रमण की शिकायत लोगों ने वार्ड पार्षद सलीम केरकेट्टा से की थी। पार्षद की पहल पर नगर निगम द्वारा अतिक्रमण कारियों को नोटिस जारी किया गया था लेकिन लगातार तीन महीने तक चेतावनी दिए जाने के बाद भी अतिक्रमण को नहीं हटाया गया। इसके साथ ही एक अन्य व्यक्ति द्वारा रातो रात गुमटी लगाकर अतिक्रमण कर लिया था जिससे लोगों का आक्रोश भड़क उठा। शनिवार को पार्षद की शिकायत के बाद आयुक्त के निर्देश पर ननि की उड़नदस्ता टीम प्रभारी अखिलेश प्रभारी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची जिसके बाद ननि कर्मचारी और महिला के अवैध निर्माण को हटाया गया इसके साथ ही गुमटी को जब्त किया गया।

## तेरा सब पूजन करें मंगलमूर्ति गणेश, तेरे आने से मंगलमय परिवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गणेशोत्सव पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता, सेवानिवृत्त व्याख्याता सचिदानंद पाण्डेय एवं शायर-ए-शहर यादव विकास, गीता मर्मज्ञ पं.रामनारायण शर्मा, वरिष्ठ कवयित्री मीना वर्मा व चंद्रभूषण मिश्र के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की।

- गणेशोत्सव पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी



गोष्ठ विघ्नहर्ता और मां सरस्वती की सामूहिक पूजा से प्रारंभ हुई। रामचरितमानस एवं सरगुजिहा रामायण का संक्षिप्त पाठ किया गया। मीना वर्मा ने सरस्वती-वंदना प्रस्तुति दी। पं.रामनारायण शर्मा ने कहा कि भगवान गणेश गणतंत्र के देवता है। उन्होंने अपनी बुद्धिमता से देवों में प्रथम पूज्य होने का गौरव प्राप्त किया। गणेशोत्सव एक लोकपर्व ही नहीं सांस्कृतिक और सामाजिक सम्मेलन भी है। इससे हमारी राष्ट्रीय एकता बलवती होती है। ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि सन 1893 में पुणे में महान स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को प्रारंभ किया। तब से यह राष्ट्रीय परंपरा 132 वर्ष पूरे करने के बाद भी आजपर्यन्त जारी है। गणपति देवताओं के अध्यक्ष भी है। किसी भी शुभ मांगलिक कार्यों की शुरूआत गणेश पूजन से होती है। पराधीन भारत में अंग्रेजों का खौफ था। जहां माता की बीमारी हो या धार्मिक आयोजन हो, वहां अंग्रेज नहीं जाते थे। तिलकजी ने गणेश पूजा के बहाने क्रांतिकारियों को संगठित कर अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा दी। सच्चिदानंद पाण्डेय ने देश में सांप्रदायिक सदभव, भाईचारा व एकता बढ़ाने के लिए गणेश पर्व को सबसे बड़ा माध्यम और गणेशजी को सबसे बड़ा शुभंकर बताया। चंद्रभूषण मिश्र ने चेताया कि अपनी विरासत को बचाने का दायित्व आज हम सभी पर है। इस दिशा में समन्वित प्रयासों की जरूरत है।

गोष्ठी में मुकुन्दलाल साहू ने सब तेरा पूजन करें, मंगलमूर्ति गणेश, माधुरी जायसवाल ने जय, जय, जय श्री गणेश, अर्चना पाठक ने विघ्नहरण, मंगलकरण, धूरती हूं अब ध्यान, जयगुप्त ने हे बुद्धिप्रदायक गणनाथ, अमित प्रेम ने हे गजानन तरस रहे है मेरे नैना, श्यामबिहारी पाण्डेय ने टैक्स बढ़ाकर एक देश ने फैलाया निजजाल है, रंजीत सारथी ने गीत भवानीसुप नमन तुम्हे गणराज, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने विशालकाय शीश, दिया जिसे जगदीश, एसपी जायसवाल ने भोले बाबा, पइयां बंदव तोर रचना सुनाई। मीना वर्मा, चंद्रभूषण मिश्र और अजय सागर ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। अंत में शायर-ए-शहर यादव विकास की रचना चमन उजड़ गया कुछ यादगार बाकी है से गोष्ठी का समापन हुआ। इस दौरान केके त्रिपाठी, लीला यादव, प्रमोद आंचल यादव, मनीलाल गुप्ता उपस्थित थे।

## गौरव पथ पर लग रही अस्थाई सब्जी दुकानों और ठेला गुमटियों को हटाया गया



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर ने शुक्रवार को गौरव पथ से अस्थाई दुकानों को हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट कराने की कार्यवाही शुरू की है,प्रबंधन के अनुसार बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग स्थित बस स्टैंड से लेकर मंगतराम चौक तक फैले गौरव पथ पर लग रही सब्जी दुकानें और ठेले-गुमटियां न केवल यातायात व्यवस्था बिगाड़ रही थीं,बल्कि स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए भी परेशानी का सबब बनी हुई थीं।गौरतलब है कि शहर का गौरव पथ जिसे सुंदरता और सुगमता के लिए विकसित किया गया था,धीरे-धीरे अव्यवस्था का केंद्र बनता जा रहा है,इसमें मुख्य रूप से कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के अहाते से लेकर मंगतराम चौक तक के एरिया में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है।ऐसे में स्कूली बच्चों को आने-जाने में दिक्कत,महिलाओं को खरीददारी में परेशानी और वाहन चालकों को ट्रैफिक से जूझना पड़ता था।

### ग्रामीण क्षेत्रों से आये सब्जी विक्रेताओं ने पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का किया विरोध

शुक्रवार को हुई सब्जी दुकाने व ठेला गुमटी हटाने की कार्यवाही को गलत ठहराते हुए ग्रामीण महिलाओं ने इसे पक्षपात पूर्ण कार्यवाही करना बताया,उपस्थित ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि वे गरीब लोग हैं,रोज कमाकर गुजारा करते हैं,बेरोजगारी के इस आलम में हमारी दुकानें हटवा दी जा रही हैं,ऐसे में हमें परिवार पालने में दिक्कत हो जाएगी,वे यहां पर सिर्फ शाम तक अस्थाई दूकान लगाकर सब्जी बेचते हैं,फिर अपना सामान समेटकर वापस अपने गाँव लौट जाते हैं,यहाँ पर कोई पक्का निर्माण नहीं कराया गया है।ग्रामीण महिलाओं के अनुसार नगर पंचायत को पहले हमें हॉट बाजार में समुचित व्यवस्था करनी चाहिए।

मामले में नगरीय प्रशासन ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सोमवार से सभी सब्जी विक्रेताओं को हॉट बाजार में स्थानांतरित होना होगा, वहीं ठेला-गुमटी वालों को भी नगर पंचायत द्वारा निर्धारित अन्य स्थानों पर जाने का निर्देश दिया गया है।सीएमओ सुशील कुमार तिवारी ने कहा कि गौरव पथ को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि संतोष मिश्रा, सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, परवेज खान और बिश्रामपुर पुलिस टीम मौजूद रही।

## खराब सड़क और निगम की कार्यशैली के खिलाफ कांग्रेस करेगी आन्दोलन : शफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम की कार्यशैली, लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्गों की बदहाली को लेकर कांग्रेस ने बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। जय स्तम्भ चौक पर आम सभा आयोजित होगी। इसके बाद कांग्रेस जन सदर रोड, महामाया चौक, देवीगंज होते हुए कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालेंगे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में बुधवार 3 सितम्बर को दोपहर 1 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में एआईसीसी सदस्य आदित्येश्वर सिंह देव भी शामिल होंगे। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने बताया कि शहर की हालत बदतर हो चुकी है। सभी सड़कें जर्जर हैं, गड्ढों के कारण रोज हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं। नगर निगम की कार्यशैली जनविरोधी हो गई है। टूटी सड़कों की मरम्मत नहीं हो रही, गड्ढे तक नहीं भरे जा रहे। 28 अप्रैल के बाद से अब तक निगम की सामान्य सभा की बैठक नहीं हुई है जबकि नियमानुसार हर दो महीने में सामान्य सभा की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जानी चाहिए। कांग्रेस ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क सुधार और अन्य जनहित के कार्य नहीं किए गए तो पार्टी और जनता मिलकर और भी उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होगी।



- 3 सितम्बर को जय स्तम्भ चौक पर धरना के बाद रैली

## डिपाडीह स्कूल में लगाया गया भारत स्काउट एंड गाइड का शिविर

**शंकरगढ़।** भारत स्काउट एंड गाइड राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार विकास खंड शिक्षा अधिकारी जय गोविंद तिवारी के नेतृत्व में भारत स्काउट एंड गाइड का तृतीय सोपान 29 अगस्त से 2 सितंबर एवं द्वितीय सोपान 31 अगस्त से 2 सितंबर तक डिपाडीह कला स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिविर आयोजन किया गया है। शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष चिंतामणि भगत एवं जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंवदा सिंह देव, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अमिताप सिंहदेव,विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं शिविर के संचालक धनसी यादव, उप शिविर संचालक डीओसी जयपाल विश्वकर्मा, सचिव रामकुमार बुनकर, विनय सोनी, सुमित्रा, अनिमा, अन्नपूर्णा, पूर्णिमा, रमेश पैकरा, मंगल तिर्की, शिव राठिया, रामलाल, राजेश इंदौरा, लीलावती, आनंद कुमार, गज़ाधर राठिया, सुमिता बखला की उपस्थिति में किया गया।



## बिजनेस प्लस

### स्वदेशी उत्पादों से सजा कला केंद्र मैदान

**अम्बिकापुर।** खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वाधान में शहर के कला केन्द्र मैदान में आयोजित स्वदेशी खादी महोत्सव का उद्घाटन महापौर मंजूषा भगत ने किया। स्वदेशी खादी महोत्सव में कश्मीर से कन्याकुमारी तक की लगभग 1 लाख से अधिक वैरायटियों का अनुपम संग्रह एक छत के नीचे सरगुजा वासियों के आकर्षण का केंद्र बना है। प्रदर्शनी में मेरठ के खादी कुर्ते, असम सिल्क साड़ी, कश्मीरी पशमीना सिल्क साड़ी, बनारसी सिल्क साड़ी, लखनवी चिकन, हैदराबादी कॉटन साड़ी, बिहार भागलपुर साड़ी, जामदानी साड़ी, बंगाली साड़ी के साथ ही जयपुर, गुजरात एवं हरियाणा की कॉटन ड्रेस मटेरियल एवं कुर्तियां प्रदर्शनी में चार चांद लगा रही हैं। महोत्सव में रोजमर्रा एवं घरेलू उपयोग के कॉटन सॉक्स, खादी के गमछे, जयपुरी लाख की चूड़ियां, राजस्थानी मोजड़ी, त्रिचुर के कपड़े, खुर्जा की क्रॉकरी, भदोही का कारपेट, जड़ी बूटी इत्यादि किफायती दामों पर उपलब्ध है। प्रदर्शनी सीमित दिनों तक है तथा सुबह 11 से लेकर के रात्रि के 10 बजे तक संचालित हो रही है। ग्राहकों की सुविधा के लिए यहां क्रेडिट और डेबिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध है तथा हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं पर 10 से 20 फीसदी तक की विशेष छूट जा रही है।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

